





# अवैध खनन पर प्रशासन का शिकंजा

## 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, खनिज माफियाओं में हड़कंप

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 19 फरवरी ।** जिले में अवैध खनन और खनिज परिवहन पर पूर्णत: अंकुश लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर भिंड के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा भिंड पंकज ध्वज मिश्रा के मार्गदर्शन में खनिज निरीक्षक गणेश विश्वकर्मा एवं उनकी टीम द्वारा 19 फरवरी को दिनभर व्यापक अभियान चलाया गया।



अभियान के दौरान मेहगांव, गोरमी एवं गोहद क्षेत्र में खनिज रेत एवं गिट्टी का अवैध उत्खनन व परिवहन करते हुए चार ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गई। टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए मौके पर ही वाहनों को जप्त किया गया, जिससे अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया। जब्त किए गए वाहनों को पुलिस थाना मेहगांव, गोरमी एवं गोहद की अभिरक्षा में सुरक्षित रूप से रखा गया है। खनिज विभाग द्वारा जप्तशुदा वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, भंडारण एवं व्यापार) नियमों के तहत विधिसम्मत कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है, जिसे कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। प्रशासन की इस प्रभावी कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश गया है कि जिले में अवैध खनन और नियमों के उल्लंघन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खनिज विभाग द्वारा आगे भी नियमित निरीक्षण एवं सघन अभियान जारी रखने की बात कही गई है, ताकि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके और शासन को होने वाले राजस्व नुकसान पर रोक लगाई जा सके।

# रोजगार का सुनहरा अवसर, 25 को भिंड में रोजगार मेला

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 19 फरवरी ।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले के युवाओं को रोजगार, अप्रेंटिसशिप एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन भिंड के तत्वावधान में युवा संगम (रोजगार मेला, अप्रेंटिस मेला एवं स्वरोजगार मेला) का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 25 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक शासकीय एम.जे.एस. महा विद्यालय परिसर में आयोजित होगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन का संयुक्त रूप से संचालन जिला रोजगार कार्यालय भिंड, आईटीआई भिंड एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र भिंड द्वारा किया जा रहा है। मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेकर




युवाओं का चयन करेंगी, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। रोजगार मेले में डिफरेन्स मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रा.लि., एलआईसी भिंड, क्विक आईटी सॉल्यूशन, गोतम सोलर, एक्सिक वैक, जमुना ऑटो पार्ट्स, चेकमेट सिक्योरिटी, भारतपे मर्चेंट, कोसमोस प्रा.लि., एसआरएफ, आमधनी प्रा.लि. एवं ग्रेट एग्रेनिक डायमंड प्रा.लि. द्वारा विभिन्न पदों पर शिक्षित युवाओं की नि:शुल्क भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले में शामिल होने वाले आवेदकों को साक्षात्कार के समय 10वीं, 12वीं एवं स्नातक की मूल अंकसूची, सभी आवश्यक मूल प्रमाण पत्र तथा पासपोर्ट साइज के तीन फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। चयन प्रक्रिया पूर्णत: पारदर्शी एवं नि:शुल्क रहेगी। प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। जिला प्रशासन ने जिले के समस्त योग्य एवं बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस रोजगार मेले में सहभागिता कर शासन की इस महत्वपूर्ण पहल का लाभ उठाएं और अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# मुंबई-इंदौर तेजस स्पेशल का संचालन बढ़ा 28 मार्च तक चलेगी ट्रेन

**इंदौर.** इंदौर से मुंबई के बीच सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहतभरी खबर है. यात्रियों की लगातार मांग और बेहतर प्रतिसाद को देखते हुए रेलवे ने मुंबई-इंदौर-मुंबई तेजस सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन के संचालन की अवधि बढ़ा दी है. अब यह ट्रेन 28 मार्च तक संचालित होगी. रेलवे जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार गाड़ी संख्या 09085 मुंबई सेंट्रल-इंदौर तेजस स्पेशल, जिसका संचालन पूर्व में 27 फरवरी तक निर्धारित था, अब 27 मार्च तक मुंबई सेंट्रल से रवाना होगी. इसी तरह गाड़ी संख्या 09086 इंदौर-मुंबई सेंट्रल तेजस स्पेशल, जिसका अंतिम फेरा 28 फरवरी तक तय था, अब 28 मार्च तक इंदौर से संचालित की जाएगी.

# फायरिंग के दो आरोपी गिरफ्तार, कट्टा और चार राउंड बरामद

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 19 फरवरी ।** जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से भिंड पुलिस लगातार सख्त और प्रभावी कार्रवाई कर रही है। एसपी डॉ. असित यादव,एएसपी संजीव पाठक के निर्देशन तथा सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में देहात थाना पुलिस ने दिनदहाड़े फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले बदमाशों के खिलाफ त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। देहात थाना टीआई मुकेश शाक्य ने बताया कि 17 फरवरी को नई गल्ला मंडी भिंड में चार बदमाशों द्वारा एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर हवाई फायरिंग की गई थी, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। घटना की सूचना मिलते ही देहात थाना प्रभारी मुकेश शाक्य ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल एफआईआर दर्ज कराई और आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। टीआई ने उप निरीक्षक नागेश शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने सक्रिय खुफिया तंत्र और सतत दबिश के माध्यम से महज 24 घंटे के भीतर दो नामजद आरोपियों शैलेष बघेल एवं आशीष बघेल को गिरफ्तार कर



लिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक 315 बोर का देशी कट्टा तथा चार जिंदा राउंड बरामद किए गए हैं। पुलिस द्वारा शेष फरार आरोपियों की तलाश भी तेजी से जारी है। कार्रवाई में उप निरीक्षक नागेश शर्मा, आरक्षक पंकज जयंत, फिरोज खान, मनीष मिश्रा, जहीर खान सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

# वरिष्ठजन सम्मान समारोह आज, तैयारियां हुई पूरी

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव, 19 फरवरी ।** भगवान श्री महाकालेश्वर व दंदरौआ सरकार की असीम कृपा से तथा स्व0 रमेश शर्मा स्व0 हरिविलास शर्मा एडवोकेट की पुण्य स्मृति के उपलक्ष्य में समाज के त्यागी परिवार के साथ अनेक गौरवपूर्ण उपलब्धियां हासिल हुई इन उपलब्धियों के उपलक्ष्य में त्यागी समाज बरिष्ठ जनों के सम्मान एवं आशीर्वाद हेतु विशेष सम्मान विवाह समारोह मे आयोजित किया जा रहा है, इंजी मयंक शर्मा का संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा भारतीय अभियांत्रिकी सेवा आईईएस 2023 में 12 भी रैंक से चयन इससे पूर्व वे आईईएस 2022 में 26 वी रैंक सीआईएल में इंजीनियरिंग



डीआरडीओ में साइंस्टिक बी तथा एमपीपीएससी के माध्यम से डीएसपी रेडियो पर पर चयनित, **डॉ वैशाली शर्मा द्वारा भारतीय प्रोद्यौगिकी संस्थान** (आईआईटी) से जीएटीई स्कालरशिप के अंतर्गत पीएचडी पूर्ण कर वर्तमान में इंजीनियरिंग कालेज उज्जैन में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में सेवारत, **कु0 मुकुल शर्मा का आईआईटी जी के माध्यम से आईआईआईटी कोटा में चयन** :यह समारोह त्यागी समाज की परपराओ के अनुरूप बुजुर्गों के सम्मान की भावना को समर्पित है,

कार्यक्रम प्रेसवार्ता आयोजक डा0 दिलीप शर्मा प्रोफेसर शासकीय इंजीनियरिंग कालेज उज्जैन सुनील त्यागी पूर्व पार्षद अनिल त्यागी व्याख्याता, द्वारा प्रेसवार्ता में बताया की सम्मान समारोह आज शाम 5 बजे से 7.30 बजे तक स्थान लक्ष्मी नारायण मैरिज गार्डन, पुरानी तहसील रौड़ मेहगांव में होगा।

# भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने की शिष्टाचार भेंट

## संगठन व किसान हितों पर हुई विस्तृत चर्चा



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 19 फरवरी ।** मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा से भिंड भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय दैपुरिया ने प्रदेश भाजपा कार्यालय भोपाल में पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर किसान मोर्चा के संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों एवं किसानों के हित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। भेंट के दौरान जिला अध्यक्ष विजय दैपुरिया ने प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में तथा उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के किसान हितैषी बजट के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश के किसानों, श्रमिकों, ग्रामीण परिवारों और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है। विजय दैपुरिया ने कहा कि 4,38,317 करोड़ के कुल बजट में गरीब कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। श्रम विभाग के लिए 1336 करोड़, ग्रामीण विकास विभाग के लिए 29,663 करोड़ तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास को मजबूती देने के लिए 10,440 करोड़ का प्रावधान जनहित के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह बजट कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र के बीच संतुलित विकास को सुनिश्चित करता है।


# भिंड-ग्वालियर हाईवे को लेकर पूर्व विधायक ने उठाए सवाल, निर्माण की रखी मांग

## पूर्व विधायक ने कहा कि केवल चौड़ीकरण से समस्याएं कम नहीं होंगी

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 19 फरवरी ।** भिंड-ग्वालियर हाईवे के प्रस्तावित चौड़ीकरण को लेकर गुरुवार को शहर के बायपास रोड स्थित उदय पैलेस में आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने मौजूदा योजना पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि केवल चौड़ीकरण से समस्याएं कम नहीं होंगी, बल्कि दुर्घटनाएं, ट्रैफिक दबाव और अव्यवस्था और अधिक बढ़ सकती है।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूर्व विधायक कुशवाह ने कहा कि यदि चौड़ीकरण के स्थान पर ग्रीनफील्ड हाईवे का निर्माण किया जाए तो



अपेक्षाकृत कम लागत में भिंड जिले को एक नया, सुरक्षित और आधुनिक मार्ग मिल सकता है। इससे न केवल सड़क हादसों में कमी आएगी, बल्कि जिले के औद्योगिक, व्यापारिक और सामाजिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

**ग्रीनफील्ड हाईवे अधिक सुरक्षित और टिकाऊ विकल्प:** उन्होंने कहा कि वर्तमान हाईवे आबादी वाले क्षेत्रों, बाजारों और कस्बों से होकर गुजरता है, जिससे यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में चौड़ीकरण की स्थिति में यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। वहीं, आबादी से दूर प्रस्तावित ग्रीनफील्ड हाईवे भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अधिक सुरक्षित और टिकाऊ विकल्प साबित हो सकता है।

पूर्व विधायक कुशवाह ने आरोप लगाया कि भिंड-ग्वालियर हाईवे के विषय में सत्तारूढ़ दल के जनप्रतिनिधियों द्वारा गंभीर पत्राचार या ठोस पहल नहीं की गई। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा राजनीति से ऊपर उठकर जिले के भविष्य और नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ा है। उन्होंने सुझाव दिया कि जिले के सभी जनप्रतिनिधि, समाजसेवी संगठन, साधु-संत एवं जागरूक नागरिक एकजुट होकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से ग्रीनफील्ड हाईवे के प्रस्ताव को लेकर मुलाकात करें। उनका मानना है कि केंद्र सरकार विकासोन्मुखी प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख रखती है और भिंड को भी इसका लाभ मिल सकता है। प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी दल विशेष का विरोध करना नहीं है, बल्कि भिंड जिले के नागरिकों की सुरक्षा और समग्र विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी वर्गों से इस विषय पर एकजुट होकर प्रभावी पहल करने की अपील की।

# श्रीमंशापूर्ण हनुमान मंदिर में जय श्रीराम , रामजन्म प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव-विभोर

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 19 फरवरी ।** श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर परिसर, पिंटू पार्क लेबर चौक पर चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीधाम वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक श्री सीताराम शरण महाराज ने भगवान श्रीराम के जन्म प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कथा सुनते ही सैकड़ों श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरा कथा पंडाल 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठा।

कथा प्रारंभ होने से पूर्व प्रात:काल श्रद्धालुओं ने यज्ञ की परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात जैसे ही राम जन्म का प्रसंग प्रारंभ हुआ, वातावरण भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने मंगलगीत गाए और श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर प्रभु श्रीराम का स्वागत किया। कथावाचक सीताराम शरण महाराज ने बताया कि जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ गया और रावण का आतंक अपने चरम पर पहुंच गया, तब देवताओं की प्रार्थना पर भगवान विष्णु ने अयोध्या के महाराज दशरथ के घर श्रीराम के रूप में अवतार लिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का अवतार केवल राक्षसों के संहार के लिए नहीं, बल्कि धर्म की स्थापना, मर्यादा, सत्य और आदर्श जीवन के मार्ग को समाज के सामने रखने के लिए हुआ। महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीराम केवल एक महान राजा ही नहीं थे, बल्कि वे आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति और आदर्श शासक के प्रतीक हैं। उनके जीवन से मनुष्य को सत्य, त्याग, कर्तव्य, सेवा और मर्यादा का




पालन करने की प्रेरणा मिलती है। श्रीराम का चरित्र आज भी मानव जीवन के लिए पथ-प्रदर्शक है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं की भावनाएं देखते ही बनती थीं। जैसे ही राम जन्म का उल्लासपूर्ण प्रसंग आया, पूरा कथा स्थल भक्ति रस में डूब गया और श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम की जय-जयकार की। कथा के परीक्षित के रूप में श्रीमती गायत्री देवी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं आईसी चेयरमैन बृजभूषण सिंह, उमाशंकर प्रसाद तिवारी (मंदिर महंत के पिता), मंदिर महंत शास्त्री संजय तिवारी, अशोक सिंह भदौरिया, दुर्गेश सिंह भदौरिया, राजेश सिंह भदौरिया, राजेंद्र बाबा, अशोक शर्मा, विश्वदीप तिवारी, गिर्राज तिवारी सहित मंदिर समिति एवं मंडल के सदस्यगण उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में भरपूर सहयोग दिया।

# प्रभारी मंत्री के निवास पर भाजपा की संगठनात्मक बैठक

## बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 19 फरवरी ।** मप्र सरकार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग के मंत्री एवं भिंड जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के भोपाल स्थित निवास पर भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की रणनीति तय की। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि संगठन हमारे लिए सर्वोपरि है। भाजपा की शक्ति उसका मजबूत संगठन और कार्यकर्ता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आह्वान



किया कि वे प्रत्येक बूथ पर संगठन को मजबूत करें और पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लक्ष्य के साथ धरातल पर उतारें। उन्होंने कहा कि पार्टी को हर समाज, हर वर्ग तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। प्रभारी मंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विकासोन्मुख और जन कल्याण कारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे, इसके लिए कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने प्रभारी मंत्री के समक्ष जिले की संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। वहीं जिला संगठन प्रभारी हमीर सिंह पटेल ने जिले के संगठनात्मक ढांचे और महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभारी मंत्री का ध्यान आकर्षित कराया। इस अवसर पर विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने भिंड विधानसभा क्षेत्र के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने मेडिकल कॉलेज, गौरी सरोवर, नगर पालिका से नगर निगम बनने की प्रक्रिया, किसानों के हित तथा ग्राम पंचायतों के विकास से संबंधित योजनाओं को लेकर प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने, जनसंपर्क बढ़ाने तथा आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने पर सहमति बनी। बैठक को संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# भिंड में कार्यकर्ताओं के साथ सड़क आंदोलन एवं जन जागरण कार्यक्रम आज

## भिंड से ग्वालियर तक निकाली पदयात्रा




**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 19 फरवरी ।** भिंड-ग्वालियर हाईवे पर लगातार हो रहे सड़क हादसों और उनमें बढ़ती मौतों को लेकर जनहित पार्टी ने जनआंदोलन की शुरुआत कर दी है। इसी कड़ी में पार्टी द्वारा एक सड़क आंदोलन पदयात्रा का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत 1 फरवरी को चंबल नदी के पुल से हुई और 10 फरवरी को यह पदयात्रा ग्वालियर के डीडी नगर स्थित दीनदयाल उपाध्याय चौराहा पर पहुंचकर संपन्न हुई।

जनहित पार्टी का कहना है कि हाईवे -719 पर सड़क की जर्जर स्थिति, अत्यधिक यातायात दबाव और फोरलेन निर्माण में हो रही देरी के कारण आए दिन गंभीर हादसे हो रहे हैं, जिनमें कई निर्दोष लोगों की जान जा रही है। इसके बावजूद शासन-प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। इस पदयात्रा के माध्यम से जनहित पार्टी ने सरकार के समक्ष एक अहम मांग भी रखी है। पार्टी ने भिंड-ग्वालियर के बीच खाली पड़ी रेल लाइन पर हर घंटे लोकल ट्रेन चलाने की मांग की, ताकि लोगों को सुरक्षित, सस्ता और सुविधाजनक परिवहन विकल्प मिल सके और सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। इस सड़क आंदोलन की शुरुआत जनहित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय जैन के नेतृत्व में की गई। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा केवल एक शुरुआत है। यदि सरकार ने जल्द ही इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दिया, तो जनहित पार्टी भिंड कलेक्टर कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होगी। इसी क्रम में पार्टी ने ऐलान किया है कि 20 फरवरी को भिंड कलेक्टर कार्यालय पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ सड़क आंदोलन एवं जन जागरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# अभाविप ने सौंपे प्रांत अधिवेशन के प्रस्ताव



**भोपाल,19 फरवरी.** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) मध्यभारत प्रांत के प्रतिनिधिमंडल ने प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार से शिष्टाचार भेंट की. इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अभाविप के 58वें प्रांत अधिवेशन में पारित प्रस्तावों की प्रति सौंपते हुए प्रमुख मांगों को सरकार के समक्ष रखा. अभाविप का 58वां प्रांत अधिवेशन 14 से 16 दिसंबर 2025 को डबरा में संपन्न हुआ था, जिसमें प्रदेशभर से आए प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए. पहले प्रस्ताव 'राज्य विश्वविद्यालय का उन्नयन - समय की मांग' में मध्य प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों की स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई. इसमें अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय और भोज मुक्त विश्वविद्यालय के परिसरों के स्थानांतरण, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को तीन भागों में विभाजित करना, रिक्त पदों पर भर्ती सुनिश्चित करना और स्टार्टअप एवं इनोवेशन सेल को मजबूत करने जैसे सुझाव शामिल हैं. दूसरे प्रस्ताव 'राज्य विश्व विद्यालयों को एक संरचना में लाने की आवश्यकता' में मांग की गई कि विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों द्वारा संचालित विश्व विद्यालयों को 'उच्च शिक्षा विभाग के एकल प्रबंधन के तहत लाया जाए.